*This Question Paper contains 16 printed pages.*
*(Part - A & Part - B)*

Sl.No. 0100320

# 02(H)

(MARCH, 2019)
(Old Course)

પ્રશ્ન પેપરનો સેટ નંબર જેની સામેનું વર્તુળ **OMR** શીટમાં ઘટ્ટ કરવાનું રહે છે.
**Set No. of Question Paper, circle against which is to be darken in OMR sheet.**

**01**

**Part - A : Time : 1 Hour / Marks : 50**

**Part - B : Time : 2 Hours / Marks : 50**

## (Part - A)

***Time : 1 Hour]*** ***[Maximum Marks : 50***

**सूचनाएँ :**

1) इस प्रश्न पत्र में Part - A में वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल **50** प्रश्न है । सभी प्रश्न अनिवार्य है ।
2) प्रश्नों की क्रम संख्या **1** से **50** है। हरेक प्रश्न का गुण **1** है ।
3) प्रश्न पुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ना और सही विकल्प को लिखना।
4) आपको अलग से दिए गये **O.M.R.** पत्रक में प्रश्नों के सामने (A) **O**, (B) **O**, (C) **O** और (D) **O** दिए गये हैं । जिस प्रश्न का उत्तर सही हो उस विकल्प के गोलाकार को पेन से पूर्ण गाढ़ा (●) करना होगा ।
5) दिए गये प्रश्नपत्र में उपर दाहीनी ओर प्रश्नपत्र सेट नंबर को **O.M.R.** शीट में उपलब्ध कॉलम में लिखिए।

---

1) कबीर किस पर विश्वास करने को कहते हैं?

(A) संसार पर

(B) भाई पर

(C) शरीर पर

(D) बाहुबल पर

2) भारतीयों के मन में सर्वप्रथम किसके सपने जगे?

(A) विध्वंस के

(B) युध्द के

(C) नवनिर्माण के

(D) पुरातन के

3) कवित्त में अहीर शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(A) बलराम के लिए

(B) गोपी के लिए

(C) राधा के लिए

(D) कृष्ण के लिए

4) सावन काव्य के कवि का क्या नाम है?

(A) महादेवी वर्मा

(B) सुमित्रानंदन पंत

(C) प्रसाद

(D) गुप्तजी

5) प्रिय के आने से जीवन में संचित क्या लुट जाती है?

(A) संचित विराग

(B) बसंत

(C) हवा

(D) खुशी

6) बन्दी माँ शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(A) रानी के लिए

(B) भारत माता के लिए

(C) राजा के लिए

(D) पुत्री के लिए

7) कौवा सबको अप्रिय लगता है, क्योंकि उसका –

(A) रंग काला है

(B) वाणी कर्कश है

(C) वाणी मीठी है

(D) अशुभ है

8) कवयित्री कुरुक्षेत्र से क्या बताने को कहती है?

(A) असंख्य अनुभव

(B) कहानी

(C) युध्द कथा

(D) किस्से

9) कवि की दृष्टि में हजारों आदमी, औरतों और बालकों के दल कैसे है?

(A) विकल है

(B) अच्छे है

(C) तेज है

(D) बहुत है

10) पतझड़ के लाख कोशिश करने पर क्या नहीं मरता?

(A) उपवन

(B) वन

(C) घर

(D) वृक्ष

11) कवि कुदाल व खुशी को किस तरह से पकड़ने को कहते हैं?

(A) माला

(B) हथियार

(C) पेंसिल

(D) कलम

12) कवि ने किसका मार्मिक चित्रण किया है?

(A) मानवता

(B) दानवता

(C) जानवरता

(D) पागलपन

13) "ट्रेन में बेर बेचती औरतें" कविता के कवि ने किस दृष्टि की सुंदर अभिव्यक्ति की है?

(A) समाजवादी

(B) मानवतावादी

(C) दानवतावादी

(D) कुछ नहीं

14) हिफाज़त चाहते हो तो कैसे रहना चाहिए?

(A) सावधान

(B) सजग

(C) तैयार

(D) सुस्त

15) किसी भी बात को सीधा कह देना किसके लिए अनुकूल नहीं है?

(A) काव्य

(B) निबंध

(C) गद्य

(D) ग़ज़ल

16) किस देश में धन को प्रधानता मिलना मुश्किल है?

(A) अमेरिका

(B) इंग्लैंड

(C) भारत

(D) लंडन

17) सीताराम चतुर्वेदी का जन्म कहाँ हुआ था?

(A) वाराणसी

(B) दिल्ली

(C) मुंबई

(D) हैदराबाद

18) राय बहादुर ने दहेज में कितने रूपयें मांगे थे?

(A) 10,000

(B) 15,000

(C) 20,000

(D) 21,000

19) ''बहता पानी निर्मला'' पाठ में लू–हित अर्थात् क्या?

(A) सपनों की राजकन्या

(B) हकीकत की राजकन्या

(C) तारों की राजकन्या

(D) चाँद की राजकन्या

20) लेखक अपनी भस्म कहाँ बिखरवाना चाहते हैं?

(A) नदी

(B) जमीन

(C) खेतों में

(D) घरों में

21) व्रतभंग पाठ के लेखक कौन हैं?

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) प्रेमचंद

22) अनन्त बाँधे न वाला क्या नहीं खाता था?

(A) मिठाई

(B) पूरी

(C) माँस–मछली

(D) खाना

23) बचपन में विनोद का अवसर क्या था?

(A) महाभारत

(B) नाट्य

(C) संगीत

(D) रामलीला

24) राबर्ट नर्सिंग होम की अध्यक्षा कौन है?

(A) मदर टेरेसा

(B) क्रिस्ट हैल्ड

(C) मदर मार्गरेट

(D) कोई नहीं

25) भारत की सर्वप्रथम क्रिकेट टीम का कप्तान कौन था?

(A) लाला अमरनाथ

(B) सी. के. नायडू

(C) जयसिंह

(D) विजय मेहरा

26) बलराम कहाँ सिसक रहा था?

(A) अनाज की कोठरी में

(B) भूंसे की कोठरी में

(C) चावल की कोठरी में

(D) आराम कोठरी में

27) अपनी अपनी तौफिक के मुताबिक अपने अपने क्या सभी को मिल जाते हैं?

(A) हमदर्द

(B) साथी

(C) दोस्त

(D) कुछ नहीं

28) चंदू की तुलना किससे की गयी थी?

(A) कृष्ण

(B) युधिष्ठिर

(C) अर्जुन

(D) भीम

29) निशान्त के घर में कैसी गंगा बहती थी?

(A) उल्टी

(B) सीधी

(C) टेढ़ी

(D) तिरछी

30) छोटी मुनिया को क्या मिलने की संभावना थी?

(A) लड्डु

(B) हलवा

(C) जलेबी

(D) कुछ नहीं

31) 'सदिच्छा' शब्द का सन्धिविच्छेद होगा।

(A) सम् + इच्छा

(B) सद् + इच्छा

(C) सत् + इच्छा

(D) स + इच्छा

32) निम्नलिखित में कौन–स्वर सन्धि है?

(A) विषम

(B) जगन्नाथ

(C) विद्यालय

(D) दिगम्बर

33) तत्पुरुष समास का उदाहरण ............ होगा।

(A) धीरे – धीरे

(B) चवन्नी

(C) कानों कान

(D) चतुरानन

34) 'लाली मेरे लाल की जित देखूँ तित लाल' में अलंकार बताइए।

(A) यमक

(B) अनुप्रास

(C) श्लेष

(D) रुपक

35) अतिशयोक्ति अलंकार का उदाहरण पहचानिए ।

(A) हनुमान की पूँछ में लगन न पाई आग ।
लंका सिगरी जल गई, गए निसाचर भाग ।

(B) रहीमन पानी राखिए, बिन पानी सब शून ।

(C) कनक कनक से सौगुनि मादकता अधिकाय ।

(D) तरनि तनुजा तट तमाल तरुवर बहु छाए ।

36) मानुष हो तो वही रसखान वसौ व्रज गोकुल गाँव के ग्वारन काव्यपंक्ति में छन्द होगा ।

(A) दोहा

(B) चौपाई

(C) सोरठा

(D) सवैया

37) चौपाई छन्द का उदाहरण कौन–सा है?

(A) प्रबिसि नगर कीजे सब काजा ।
हृदय राखि कोसलपुर राजा ।।

(B) बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर

(C) जानि गौरी अनुकूल, सिय–हिय हरषन जातकहि

(D) एकै संग धाये नंदलाल औ गुलाल दोऊ

38) 'आँखों से गिर जाना' मुहावरे का अर्थ पहचानो ।

(A) अपना स्वार्थ सिध्द करना

(B) सम्मान खो देना

(C) अपना प्रशंसा आप करना

(D) एक दूसरे को देखना

39) 'अन्धी पीसे कुत्ते खायें' कहावत का अर्थ है ।

(A) अन्धे व्यक्ति से दूसरे लाभ उठाते है ।

(B) अन्धे असहाय होते हैं ।

(C) अन्धों के श्रम का लाभ और लोग उठाते है ।

(D) कुप्रबन्ध से वस्तु नष्ट होती है ।

40) जनता में गाया जानेवाला गीत को क्या कहा जायेगा?

(A) चलचित्र का गीत

(B) साहित्य का गीत

(C) लोकगीत

(D) शास्त्रीय गीत

41) कौन–सा शब्द 'अव' उपसर्ग से नहीं बना है?

(A) अनुभव

(B) अवगुण

(C) अवनति

(D) अवलम्बन

42) 'कुबेर' का पर्यायवाची शब्द नहीं है ।

(A) धनेश

(B) यज्ञेश

(C) धनपति

(D) अनुग्रह

43) कौन–सा शब्द आश्चर्य बोधक नहीं है?

(A) वाह

(B) अरे

(C) आह

(D) पढ़ाया

44) निषेधात्मक अव्यय का उदाहरण किस वाक्य में है?

(A) राजेश ही घर जाएगा।

(B) दूधो नहाओ पूतो फलो

(C) उसे न हिन्दी आती है न गुजराती

(D) सुनिधि अच्छा गाती है

45) निम्नलिखित वाक्यों में से कौन–सा वाक्य शुद्ध है?

(A) पिता ने पुत्र को पीटा खूब

(B) दूध में ग्लास लाओ

(C) गोवर्धन पत्र लिखता है ।

(D) खूब आकर हँसता है लड़का

46) समुच्चय बोधक अव्यय वह होता है –

(A) दो पदों या दो वाक्यों को जोड़ने वाले अव्यय शब्द को

(B) संज्ञा और सर्वनाम पदों का अन्य पदो से सम्बन्ध प्रकट करे

(C) जो शब्द क्रिया विशेषण की विशेषता बताते हैं।

(D) जो अव्यय शब्द विस्मय हर्ष शोक घृणा तिरस्कार प्रकट करें

47) निम्नलिखित वाक्यों में साधारण वाक्य कौन–सा है?

(A) आप ने कहा तो हमने ले लिया ।

(B) उठो और पाठ याद करो ।

(C) हम कल मुंबई जा रहे है ।

(D) जब शाम होती तब उसे याद आएगी ।

48) विशेषण उपवाक्य वह होता है –

(A) जो उपवाक्य क्रिया की विशेषता बताए

(B) जो उपवाक्य प्रधान उपवाक्य की संज्ञा की विशेषता बताए

(C) जो उपवाक्य संज्ञा के स्थान पर आता है ।

(D) जो अन्धा था वह एक अच्छा वक्ता था ।

49) निम्नलिखित वाक्य में संयुक्त वाक्य कौन–सा है?

(A) तुमने कहा तो हमने ले लिया

(B) हम कल मुंबई जा रहे है

(C) राम और भरत दोनो भाई थे ।

(D) मामाजी बच गए ।

50) तुम्हारी बात <u>मान ली गई है</u> रेखांकित पदबन्ध को पहचानिए ।

(A) विशेषण पदबन्ध

(B) क्रिया पदबन्ध

(C) सर्वनाम पदबन्ध

(D) पदबन्ध संज्ञा का है ।

# 02(H)

(MARCH, 2019)
(Old Course)

## (Part - B)

*Time : 2 Hours]* *[Maximum Marks : 50*

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) प्रश्नपत्र के Part - B में चार विभाग है और कुल 1 से 13 प्रश्न है।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य है। आंतरिक विकल्प दिये गए है।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए है।
5) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए।
6) प्रश्नों का जवाब क्रमानुसार दीजिये।

## विभाग–A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दस–बारह वाक्यों में लिखो।** [4]

1) पाठ के आधार पर मालवीय जी का चरित्र–चित्रण कीजिए?

अथवा

धनपतराय को लिखने की प्रेरणा किससे मिली? कैसे?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखो।** [4]

2) क्रिकेट सीखनेवालों में कौन से गुण होने चाहिए?
3) ओपरेशन के लिए आये रोगी से मदर टेरेसा ने क्या कहा?

अथवा

चन्दू को कॉलेज से किसने और क्यों निकाला?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ–दस वाक्यों में लिखिए।** [3]

4) गोपी कृष्ण के सम्बन्ध में ऊधो से क्या कहती है?

अथवा

सावन की वर्षा का वर्णन सरल भाषा में कीजिए।

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए ।** [4]

5) वधु–वसुधा के अंग–अंग पुलकित क्यों हैं?

6) अवधड़ बाबा के करतब का वर्णन कीजिए ।

अथवा

कद्र बराबर वालों में क्यों होती है?

## विभाग–B

■ **निम्नलिखित गद्यांश का एक तिहाई भाग में सारांश लिखकर योग्य शीर्षक लिखिए ।** [5]

7) मानवजीवन कर्म के अधीन है – जो जस करे सो तस फल चाखा कर्मानुसार ही मनुष्य सुख – दुःख का भागी होता है । जो व्यक्ति परोपकारी है, सहिष्णु है, मित्रों की संख्या बढ़ाते है, सबके दुःख – सुख में सहभागी बनते है, उनका जीवन दुःखमय होता है, जो कूकर्मी है, परनिन्दक, परपीड़क है । सदा स्वार्थ में डूबे रहनेवाले है, पाप कर्मो में जीवन बिताते है, उनको वैसा ही फल भोगना पड़ता है । भारतीय दर्शन कर्म को प्राधानता देता है, इसी कारण लोक परलोक दोनों में सुख पाने के लिए मनुष्य को लोकहित का कार्य करना चाहिए । बबूल बोने वालो को हमेशा कांटे ही मिलते हैं और आम का वृक्ष लगाने वाले को मीठा आम का फल प्राप्त होगा ।

■ **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** [5]

8) फाँसी के एक दिन पहले अंतिम मुलाकात का दिन था । रामप्रसाद बिस्मिल की माँ उस दिन आई । माँ को देखकर बिस्मिल रो पड़े । मगर माँ की आँखों में जरा भी आँसू नहीं थे । माँ ने उच्च स्वर में कहा, 'मैं तो समझती थी कि मेरा बेटा बहादुर है, जिसके नाम से अंग्रेज सरकार भी काँपती है । मुझे मालूम नहीं था कि वह मौत से डरता है । तुम्हें अगर रो कर मरना था तो व्यर्थ इस काम में आये । 'लड़के ने कहा,' मैं मौत से नहीं डरता हूँ । ये आँसू मौत के डर से नहीं, माँ के प्रति ममता के आँसू है ।' सरकारी अधिकारी भी माँ का यह रूप देखकर कहने लगे 'ऐसी बहादूर माँ का ही बेटा बहादुर हो सकता है ।' 19 दिसम्बर सन् 1927 की सुबह साढ़े छः बजे गोरखपुर की जेल में बिस्मिल को फाँसी दे दी गई ।

प्रश्न :

i) फाँसी के एक दिन पहले किसका दिन था?

ii) बिस्मिल किसे देखकर रो पड़े?

रोते देख माँ ने क्या कहा?

iii) बिस्मिल ने माँ से क्या कहा?

iv) माँ का यह स्वरुप देख सरकारी अधिकारियों ने क्या कहा?

v) गद्यखण्ड का शीर्षक दीजिए ।

## विभाग–C

9) पुस्तकालय हेतु पुस्तके मँगाने के लिए पुस्तकों की सुचि के साथ प्रकाशक को पत्र का प्रारूप लिखिए । [5]

10) दृश्य श्राव्य माध्यम का महत्त्व विस्तार से लिखिए । [5]

## विभाग–D

11) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों को पूर्ण कीजिए । [3]

छिप–छिप अश्रु बहाने वालों !......................

...................... जागे कच्ची नींद जवानी,

12) निम्नलिखित में से किसी एक पर विचार – विस्तार कीजिए । [4]

i) 'असफलता ही सफलता की सीढ़ी है ।'

ii) 'छाँड़िए न हिम्मत विसारिए न राम को'

13) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 से 300 शब्दों में निबंध लिखिए । [8]

i) लोकप्रिय खेल – क्रिकेट

ii) दहेज – एक सामाजिक कलंक

iii) भारतीय लोकतंत्र और युवावर्ग

⌘⌘⌘